आदेश ब इजलास प्रकाश राजपुरोहित आई.ए.एस. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

प्रकरण संख्या 379/2022 (धारा 14 सिक्योरिटाईजेशन)

इण्डियन बैंक शाखा– मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर।

प्रार्थी वित्तीय बैंक

बनाम

1. मैसर्स माउन्ट फैशन जरिये पार्टनर श्री दिनेश कुमार आनन्द, श्रीमती सुमित्रा बिश्नोई, श्री सुभाष बिश्नोई,
   पताः– फ्लेट नं. 181, महात्मा गांधी नगर, डीसीएम, अजमेर रोड़, जयपुर।
   एवं फ्लेट नं. एफ–113, गारमेन्ट जोन, सीतापुरा इण्डस्ट्रीज एरिया, टोंक रोड़, जयपुर।
2. श्री दिनेश कुमार आनन्द पुत्र श्री जेठानन्द बिश्नोई,
   पता– 85/142, सेक्टर 8, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर।
3. श्रीमती सुमित्रा पत्नी श्री श्याम सुन्दर बिश्नोई,
   पता– 181, महात्मा गांधी नगर, डीसीएम, अजमेर रोड़, जयपुर।
4. श्री सुभाष बिश्नोई पुत्र श्री रामनारायण बिश्नोई,
   पता– 09, नेमी सागर, क्वीन्स रोड़, वैशाली नगर, जयपुर।
5. श्री श्याम सुन्दर पुत्र स्व. श्री हनुमान बिश्नोई,
   पता– 181, महात्मा गांधी नगर, डीसीएम, अजमेर रोड़, जयपुर।

अप्रार्थीगण

ऋणी एवं गारन्टर

जिला मजिस्ट्रेट (कलक्टर) जिला जयपुर (राज.)

The application under section 14 of the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act.2002.

उपस्थित :–श्रीमती विमला चन्दिरा, अधिवक्ता प्रार्थी वित्तीय बैंक की ओर से।

आदेश दिनांक 02.08.2022

1. संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी वित्तीय बैंक ने अप्रार्थी ऋणी को दिनांक 28.05.2021 को पुनभुर्गतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में अप्रार्थी श्री श्याम सुन्दर पुत्र स्व. श्री हनुमान बिश्नोई के स्वामित्व की सम्पति 181, महात्मा गांधी नगर, डीसीएम, अजमेर रोड़, जयपुर क्षेत्रफल 200 वर्गगज एवं श्री सुभाष बिश्नोई के स्वामित्त्व की संपत्ति ऑफिस नं. 616 एवं 617, छठी मंजिल, सोनी पेरिस पॉइन्ट, प्लॉट नं. ए–26–ए, सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर, क्षेत्रफल 538.12 वर्गफीट को बंधक एवं स्टॉक एण्ड बुक डेब्थ को हाइपोथिकेट कर कुल राशि 01,51,57,000/–रूपये की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। अप्रार्थी ऋणी द्वारा प्रार्थी वित्तीय बैंक को ऋण भुगतान करने में असफल रहने पर अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को दिनांक 04.03.2022 को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये। नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी वित्तीय बैंक ने The Securitization

जिला मजिस्ट्रेट
(कलक्टर) जयपुर

and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने पास बन्धक सम्पत्ति का भौतिक रूप से कब्जा प्राप्त करने हेतु आवश्यक पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने की इस्तदुआ की है।

2. प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी बैंक के सुयोग्य अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली एवं प्रस्तुत दस्तावेजो का भलीभाति अवलोकन किया गया।

3. पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी वित्तीय बैंक ने अप्रार्थीगणों को 01,51,57,000/- रूपये का ऋण दिया है, जिसकी प्रतिभूति जमानत के रूप में अप्रार्थीगण ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति बंधक के रूप में प्रार्थी वित्तीय बैंक के पास गिरवी रखी है। अप्रार्थीगण का ऋण खाता एन पी ए घोषित होने से नियमानुसार ऋण वसूली के लिए बकाया ऋण राशि मय ब्याज कुल राशि 01,56,27,777.60/- रूपये जमा कराने हेतु अप्रार्थीगण को दिनांक 04.03.2022 को अधिनियम की धारा 13 (2) के अधीन रजिस्टर्ड नोटिस जारी किया गया है इसके अतिरिक्त दो दैनिक समाचार पत्रों में 13(2) के नोटिस को प्रकाशित कराया गया है। अप्रार्थीगण द्वारा उक्त नोटिस का वित्तीय बैंक को कोई जवाब नहीं दिया गया और अप्रार्थीगण द्वारा वित्तीय बैंक को बकाया ऋण राशि का भुगतान भी नहीं किया गया है। प्रकरण में वसूली योग्य बकाया राशि एक लाख रूपये से अधिक होने एवं 20 प्रतिशत से अधिक राशि बकाया होने से अधिनियम के प्रावधानों के तहत वित्तीय बैंक बन्धक रखी गई सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त करने का अधिकारी है एवं अधिनियम की धारा 14 के तहत वित्तीय बैंक के पक्ष में बन्धक रखी गई सम्पत्ति का भौतिक कब्जा दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। प्रार्थी वित्तीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा धारा 14 के प्रार्थना पत्र के समर्थन में आवश्यक शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है।

4. अतः The Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act.2002 की धारा 14 में प्रदत शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रार्थी वित्तीय बैंक के पक्ष में अप्रार्थी श्री श्याम सुन्दर पुत्र स्व. श्री हनुमान बिश्नोई के स्वामित्त्व की सम्पति 181, महात्मा गांधी नगर, डीसीएम, अजमेर रोड़, जयपुर क्षेत्रफल 200 वर्गगज एवं श्री सुभाष बिश्नोई के स्वामित्त्व की संपत्ति ऑफिस नं. 616 एवं 617, छठी मंजिल, सोनी पेरिस पॉइन्ट, प्लॉट नं. ए-26-ए, सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर, क्षेत्रफल 538.12 वर्गफीट एवं हाइपोथिकेटेड स्टॉक एण्ड बुक डेब्थ का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी वित्तीय बैंक द्वारा जरिये सम्बन्धित पुलिस थाना प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है।

5. आदेश की प्रति संबंधित पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर/पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण को भेज कर लिखा जावे की उक्त सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी वित्तीय बैंक को प्राप्त करने में सहयोग कर वित्तीय बैंक को दिलाने हेतु संबंधित थानाधिकारी को निर्देशित करें एवं पालना रिपोर्ट भिजवाने हेतु पाबन्द करे। आदेश की प्रति हस्ब कायदा जारी हो। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफतर हो।

6. आदेश आज दिनांक 02.08.2022 को सरे इजलास सुनाया गया।

(प्रकाश राजपुरोहित)
जिला मजिस्ट्रेट
(कलक्टर) जयपुर